DICGC

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)



निदेशक बोर्ड की 57वीं वार्षिक रिपोर्ट
31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन-पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी जमा बीमा प्रदाता के रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हो।

विषय सूची

1	प्रेषण पत्र	i-ii
2	निदेशक मंडल	iii
3	संगठन तालिका	iv
4	निगम के संपर्क सूत्र	v
5	निगम के प्रमुख अधिकारी	vi
6	संक्षेपाक्षर	vii
7	विशेषताएं	viii-xi
8	निबीप्रगानि का विहंगावलोकन	1-5
9	प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण	6-11
10	निदेशकों की रिपोर्ट	12-21
11	निदेशकों की रिपोर्ट के संबंध में संलग्नक	22-47
12	लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	48-49
13	तुलन-पत्र और लेखे	50-64

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/514/01.01.016/2019-20 20 जून, 2019

प्रेषण पत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई - 400 001

महोदय,

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

2. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के तहत अपेक्षित (i) और (ii) में उल्लिखित दस्तावेज भारत सरकार को प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

3. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम. रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक
Director

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्ववाली सहयोगी)
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)

निबीप्रगानि/सवि/513/01.01.016/2019-20 20 जून, 2019

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव, भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
जीवन दीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में निदेशक बोर्ड ने मुझे इस पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि भेजने का निदेश दिया है :

(i) 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम के तुलन-पत्र तथा लेखे, और

(ii) 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट।

उनकी तीन अतिरिक्त प्रतियां भी इस पत्र के साथ भेजी जा रही हैं।

2. ऊपर उल्लिखित (i) और (ii) सामग्री (अर्थात् तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) की प्रतियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं।

3. कृपया उक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अंतर्गत संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात् लोकसभा और राज्यसभा) में दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने की तारीख / तारीखें सूचित करें। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियाँ आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

एम. रामय्या

(एम. रामय्या)
सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

निदेशक मंडल

अध्यक्ष

श्री. बी. पी. कानुनगो **उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित। (08.12.2017 से)

निदेशक

श्रीमती मालविका सिन्हा **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित। (05.06.2018 से)
डॉ. शशांक सक्सेना **निदेशक** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग,** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (सी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित। (12.06.2008 से)
डॉ. हर्ष कुमार भानवाला **अध्यक्ष,** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित। (08.03.2019 से)

संगठन तालिका


अध्यक्ष
निदेशक मंडल
सांविधिक लेखापरीक्षक
लेखापरीक्षा समिति
कार्यपालक निदेशक
मुख्य वित्तीय अधिकारी
उप महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
मुख्य महाप्रबंधक
• लेखा और कराधान विभाग
• ट्रेज़री बैक ऑफिस
• मानव संसाधन विभाग
• समाधान
• राजभाषा
महाप्रबंधक
महाप्रबंधक
निदेशक
उप महाप्रबंधक
• बीमा परिचालन विभाग
• बैंक पंजीकरण कक्ष
• ट्रेज़री बैक ऑफिस
• दावा निपटान विभाग
• ग्राहकसेवा और शिकायत निवारण कक्ष
• सचिव विभाग
• अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष
• ट्रेज़री मिड ऑफिस
• वसूली प्रबंधन कक्ष
• विधि कक्ष
• सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

निगम के संपर्क सूत्र

फैक्स सं. **022 - 2301 5662**
022 - 2301 8165

टेलीफोन संख्या

022-2308 4121 सामान्य
022-2306 2161 प्रीमियम
022-2302 1624 दावे
022-2306 2162 आरएमसी
022-2301 1991 सूचना का अधिकार (आरटीआई)
022-2301 9570 ग्राहक सेवा कक्ष

प्रधान कार्यालय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
भारतीय रिज़र्व बैंक,
दूसरी मंज़िल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने,
भायखला, मुंबई - 400 008.
भारत

(i)	कार्यपालक निदेशक	malvikasinha@rbi.org.in	022-2261 1080
(ii)	मुख्य वित्तीय अधिकारी	sonjoysethee@rbi.org.in	022-2301 9603
(iii)	मुख्य महाप्रबंधक	vchalapathy@rbi.org.in	022-2302 1150
(iv)	महाप्रबंधक	mkrupanandam@rbi.org.in	022-2302 1146
(v)	महाप्रबंधक	ritasarkar@rbi.org.in	022-2301 9633
(vi)	महाप्रबंधक	latharadhakrishnan@rbi.org.in	022-2301 9645
(vii)	निदेशक	mramaiah@rbi.org.in	022-2301 9792
(viii)	उप महाप्रबंधक	dknalband@rbi.org.in	022-2302 8205
(ix)	उप महाप्रबंधक	deepaknarang@rbi.org.in	022-2302 8204

ईमेल : dicgc@rbi.org.in
वेबसाईट : www.dicgc.org.in

निगम के प्रमुख अधिकारी*

कार्यपालक निदेशक

श्रीमती मालविका सिन्हा

मुख्य वित्तीय अधिकारी

श्री संजोय सेठी

मुख्य महाप्रबंधक

श्री वी. जी. वी. चलपती

महाप्रबंधक

श्री एम. कृपानन्दम

श्रीमती रीटा सरकार मोरिया

सुश्री लता राधाकृष्णन

सचिव और निदेशक

श्री एम. रामय्या

उप महाप्रबंधक

श्री डी. के. नालबंद

श्री दीपक नारंग

मुख्य लोक सूचना अधिकारी

श्री एम. रामय्या

बैंकर

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

लेखा परीक्षक

मेसर्स वी. शंकर अय्यर एण्ड कं.
सनदी लेखाकार
2-सी, कोर्ट चेम्बर्स,
35, न्यू मरीन लाइन्स,
मुंबई 400 020, भारत

* 31 जुलाई 2019 के अनुसार

संक्षेपाक्षर

एएफएस	:	बिक्री के लिए उपलब्ध
एजीएम	:	वार्षिक आम बैठक
एएमसी	:	वार्षिक रखरखाव अनुबंध
एआरसीसी	:	सहकारी समितियों के सहायक पंजीयक
एएस	:	लेखांकन मानक
बीओजे	:	बैंक ऑफ जापान
सीए	:	चार्टर्ड अकाउंटेंट
सीडीआईसी	:	कनाडा जमा बीमा निगम
सीईएसटीएटी	:	मुख्य वित्तीय अधिकारी
	:	सीमा शुल्क उत्पाद शुल्क और सेवाकर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीएफओ	:	मुख्य वित्तीय अधिकारी
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीपीपीवाय	:	पिछले वर्ष की समान अवधि
डीजीएस	:	जमा गारंटी योजना
डीआईसी	:	निक्षेप बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईसीजे	:	डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ जापान
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
ईडी	:	कार्यपालक निदेशक
ईयू	:	यूरोपीय संघ
एफडीआईसी	:	संघीय निक्षेप बीमा निगम
एफआईएमएमडीए	:	निश्चित आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न संघ
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
जीएएपी	:	सामान्यतः स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांत
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीओआई	:	भारत सरकार
जीएसटी	:	वस्तु एवं सेवा कर
आईएडीआई	:	इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स

आईएएसएस	:	एकीकृत अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर समाधान
आईसीएआई	:	भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
आईडीआईसी	:	इंडोनेशियाडिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन
आईएफआर	:	निवेश उतार चढ़ाव रिजर्व
आईएमएफ	:	अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
आईएमजी	:	निवेश प्रबंधन दिशानिर्देश
आईओडी	:	बीमा परिचालन विभाग
आईआरएमसी	:	निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति
जेआरसीएस	:	सहकारी समितियों के संयुक्त पंजीयक
केडीआईसी	:	केन्या डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन
केडीआईसी	:	कोरिया डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन
एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र बैंक
पीबी	:	भुगतान बैंक
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के पंजीयक
आरएमसी	:	जोखिम प्रबंधन कक्ष
आरएमएफ	:	जोखिम प्रबंधन ढांचा
आरओ	:	क्षेत्रीय कार्यालय
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीजीएस	:	तत्काल सकल भुगतान
आरटीआई	:	सूचना का अधिकार
एसएफबी	:	छोटे वित्त बैंक
एसएलजीएस	:	लघु ऋण गारंटी योजना
टीएएफसीयूबी	:	सहकारी शहरी बैंकों का कार्य दल
यूटी	:	संघ शासित प्रदेश
यूटी	:	केंद्र शासित प्रदेश
वीएआर	:	जोख़िम मूल्य

विशेषताएं - I : निक्षेप बीमा एक नज़र में

(₹ बिलियन में)

वर्ष के अंत में $	1962	1972	1982	1992-93	2004-05	2016-17	2017-18	2018-19
1 पूँजी *	0.01	0.02	0.15	0.50	0.50	0.50	0.50	0.50
2 निक्षेप बीमा								
(i) निक्षेप बीमा निधि **	0.01	0.25	1.54	3.1	78.2	701.5	814.3	937.5
(ii) बीमाकृत बैंक (वास्तविक संख्या)	276	476	1,683	1,931	2,547	2,125	2,109	2,098
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ @	19	74.6	423.6	2,443.8	16,198.2	1,03,531	1,12,020	1,20,051
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ @	4.5	46.6	317.7	1,645.3	9,913.7	30,509	32,753	33,700
(v) कुल खातों की संख्या (मिलियन में)	7.7	34.1	159.8	354.3	649.5	1,884.8	1,940.9	2,174
(vi) पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या (मिलियन में)	6	32.8	158.1	339.5	619.5	1,737.2	1,775	2,000
(vii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे	–	0.01	0.03	1.8	14.9	50.3	50.8	51.2

* निगम की सामान्य निधि के तहत है।

** बीमांकिक और अधिशेष दोनों राशियाँ शामिल हैं।

@ 2009-10 से नए रिपोर्टिंग फार्मेट के अनुसार आंकड़े दिए गए हैं।

$ 1992-93 के बाद से मार्च के अंत के अनुसार।

परिचालन विशेषताएं - II : निक्षेप बीमा

(₹ बिलियन में)

विवरण	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15	2013-14
राजस्व विवरण						
प्रीमियम आय	120.43	111.28	101.22	91.99	82.29	73.12
निवेश आय	72.45	64.18	56.19	47.83	40.32	33.90
निवल दावे	(1.52)^	(1.83)	(0.27)	(0.05)	(0.34)	(0.93)
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	191.47	184.57	157.20	146.73	146.89	91.52
करोत्तर राजस्व अधिशेष	119.31	115.07	97.15	95.96	96.96	60.72
तुलन पत्र						
निधि शेष (बीमांकिक)	57.56	53.67	55.98	54.12	52.07	50.68
निधि अधिशेष	879.95	760.64	645.57	548.42	452.46	355.49
दावे संबंधी बकाया देयताएं	शून्य	0.04	2.22	2.52	3.14	3.92
निष्पादन मैट्रिक्स						
1. दावों की प्राप्ति और दावों के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या @	11	12	23	28	25	15
2. बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावों (प्रथम दावा) के निपटान के बीच औसत दिनों की संख्या @	1,425	2,075*	634	269	4,856	678
3. कुल कारोबार (प्रीमियम आय) के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.30	0.16	0.27	0.18	0.24	0.22
(इसमें सेः कुल प्रीमियम आय की तूलना में कर्मचारी लागत का प्रतिशत)	0.12	0.08	0.17	0.11	0.12	0.12

@ मामले से संबंधित राशि की स्वीकृति की तुलना में दिनों की संख्या के आधार पर औसत दिनों की वास्तविक संख्या निकाली गई है।

^ इसमें से ₹ 0.37 बिलियन दावों का निपटान है और ₹ 1.89 बिलियन प्रावधानों के प्रत्यावर्तन के कारण है।

* 2003 में एक बैंक के विपंजीकरण के कारण तीव्र बढ़ोत्तरी, इसके दावे का 2017 में निपटान हुआ है।

विशेषताएं - III

चार्ट I: बीमाकृत और पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या
(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



नोटः 2010-2011 से प्रदर्शित आंकड़े रिर्पोटिंग के नए प्रारूप के अनुसार हैं।

विशेषताएं - IV

चार्ट II: कुल निर्धारणीय और बीमाकृत जमाराशियाँ
(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



नोटः 2009-10 से प्रदर्शित आंकड़े रिर्पोटिंग के नए प्रारूप के अनुसार हैं।

चार्ट III: बीमाकृत बैंकों की तुलना में जमाराशि के लिए बीमा कवरेज का विस्तार

(31 मार्च 2019)



नोटः आंकड़े रिपोर्टिंग के नए प्रारूप के अनुसार हैं।

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम का विहंगावलोकन

(1) परिचय

निबीप्रगानि के कार्य "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961" (निबीप्रगानि अधिनियम) और उक्त अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार किए गए "निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961" के प्रावधानों के जरिए नियंत्रित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही है, अत: निगम ऐसी किसी योजना का संचालन नहीं कर रहा है और निक्षेप बीमा ही इसका प्रधान कार्य है।

(2) इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार जमा राशियों का बीमा करने का विचार बैंक के सामने आया। इसके बाद वर्ष 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ। परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को रोके रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत रिज़र्व बैंक तथा केंद्र सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में गंभीर विचार प्रस्तुत किए। निक्षेप बीमा अधिनियम 1961 दिनांक 1 जनवरी, 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना सभी कार्यरत वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं तथा वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया और निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत "पात्र सहकारी बैंकों" का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करके भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17 (11ए)(ए) के अंतर्गत केंद्र सरकार के एजेंट के रूप में रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान (सीजीओ) का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को स्वीकृत किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य अबतक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा परिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से वाणिज्यिक बैंकों को प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं जैसे : निक्षेप बीमा निगम और क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन आफ इंडिया (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत ऋण के लिए भी गारंटी समर्थन प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया।

(3) संस्थागत कवरेज

(i) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित **सभी वाणिज्य बैंक,** स्थानीय क्षेत्र बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघुवित्त बैंक और भुगतान बैंक निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

(ii) निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 2(जीजी) में यथापरिभाषित सभी पात्र **सहकारी बैंकों** को निक्षेप बीमा योजना के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों में कार्य कर रहे सभी राज्य, केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक, जिन्होंने निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की अपेक्षानुसार रिज़र्व बैंक को यह अधिकार देने के लिए अपने सहकारी समिति अधिनियम को संशोधित किया है कि वह राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों की समितियों के रजिस्ट्रार को आदेश दे सके कि किसी सहकारी बैंक का समापन कर दे अथवा इसके प्रबंध समिति को अधिक्रमित करे और रजिस्ट्रार से अपेक्षित कर सके कि वह रिज़र्व बैंक से लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना किसी सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुनःनिर्माण के लिए कोई कार्रवाई न करें, पात्र सहकारी बैंक समझे जाते हैं। वर्तमान में सभी सहकारी बैंक इस योजना में शामिल हैं। संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप तथा दादरा एवं नगर हवेली में कोई भी सहकारी बैंक नहीं है।

(4) बैंकों का पंजीकरण

(i) निबीप्रगानि अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

(ii) एक नए पात्र सहकारी बैंक से अपेक्षित है कि वह रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराए।

(iii) डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 13(ए) के अंतर्गत प्राथमिक सहकारी समिति के प्राथमिक सहकारी बैंक बन जाने के बाद लाइसेंस के लिए किए गए आवेदन से 3 महीनों के अंदर निगम को उसका पंजीकरण करना होगा।

(iv) निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करनेवाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा लिखित रूप में यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर लिखित रूप में बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं के ब्यौरे *अर्थात्,* निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों के ब्यौरे आदि शामिल होने चाहिए।

(5) बीमा कवरेज

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के मूल प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर 'समान क्षमता और समान अधिकार' में मूलतः ₹1500 तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह भी अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर निम्नानुसार बढ़ाया गया है

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा
1 मई 1993	₹1,00,000/-
1 जुलाई 1980	₹30,000/-
1 जनवरी 1976	₹20,000/-
1 अप्रैल 1970	₹10,000/-
1 जनवरी 1968	₹5000/-

(6) सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निबीप्रगानि (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियाँ; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियाँ; (iii) राज्य सहकारी बैंकों में रखी गई राज्य भूमि विकास बैंकों की जमाराशियाँ; (iv) अंतर बैंक जमाराशियाँ; (v) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशि तथा (vi) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त किसी राशि को छोड़कर बचत, मीयादी, चालू, आवर्ती आदि जैसी सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

(7) बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक(छमाही) आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष(छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें। प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है।

₹100 की प्रत्येक जमाराशि पर प्रीमियम की दर

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1-04-2005	0.10
1-04-2004	0.08
1-07-1993	0.05
1-10-1971	0.04
1-01-1962	0.05

(8) पंजीकरण रद्द करना

निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से चालू किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; अथवा स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यतः उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; अथवा इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो; अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता, व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द भी हो सकता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

(9) बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

(10) दावों का निपटान

(i) किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी समान क्षमता और समान अधिकार में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16(1) के साथ पठित 16(3)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

(ii) जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है और इस योजना में इसके लागू होने की तारीख तक पूरी जमाराशि के क्रेडिट के लिए जमाकर्ता पात्र नहीं होते हैं तो निगम पूरी जमाराशि अथवा उस समय लागू बीमा कवर की सीमा में, इसमें से जो भी कम हो और योजना के अंतर्गत वास्तव में उसे प्राप्त होने वाली राशि के बीच के अंतर की राशि अदा करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में समान क्षमता और समान अधिकार में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 16 (2) और (3)] निर्धारित किया जाता है।

(iii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा निबीप्रगानि द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम को प्रस्तुत की जानी है। (विशिष्ट दावा निपटान प्रक्रिया चार्ट 1 में दी गई है)

(iv) ऐसे बैंक के संबंध में जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख [निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 18(1)] से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है।

(v) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम से अपेक्षित है कि वह अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण/सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले सनदी लेखाकारों के फर्म से करवाता है।

(vi) सामान्यतः निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र राशि का भुगतान अंतरिती / बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी / परिसमापक को करता है। तथापि, अनट्रेसबल (लापता) जमाकर्ताओं को देय राशि, इसके संबंध में परिसमापक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत करने तक, रोक कर रखी जाएगी।.

(11) निपटाए गए दावों की वसूली

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित निबीप्रगानि अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक, जैसा भी मामला हो, से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि में से व्ययों के लिए प्रावधान करने के उपरांत हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से निबीप्रगानि को चुकौती करें।

(12) निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : *अर्थात्* (i) जमा बीमा निधि (डीआइएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ);

(iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहली दो निधियों का निर्माण क्रमशः बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹50 करोड़ है, जो पूर्णतः रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। सभी तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के अंतर्गत अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्य पद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के 3 महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाती है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है। निगम व्यापारिक (मर्केण्टाइल) लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है।

निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम,1961 में यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के अंतर्गत किया जाता है। इसके साथ ही 1 अक्तूबर, 2011 से निगम प्रीमियम पर सेवाकर के अधीन है और 1 जुलाई, 2017 की प्रभावी तारीख से वस्तु एवं सेवाकर देने के लिए उत्तरदायी है।

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक का लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस अस्वीकार कर देता हे और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और निबीप्रगानि को इसकी सूचना देता है।
2. आरसीएस परिसमापित बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा निबीप्रगानि को सूचित करता है।
3. निबीप्रगानि बीमाकृत बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और तीन महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है और रिज़र्व बैंक से दावा सूची का ऑनसाइट सत्यापन करने के लिए बाह्य लेखापरीक्षक नियुक्त करने का अनुरोध करता है।
4. रिज़र्व बैंक सनदी लेखाकार की नियुक्ति करता है और निबीप्रगानि दावा सूची की जाँच करने के लिए सनदी लेखाकार हेतु संक्षिप्त विवरण और ओरिएंटेशन सत्र आयोजित करता है।
5 परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान करने हेतु दावा सूची प्रस्तुत करता है (साफ्ट और हार्ड प्रति दोनों रूप में)।
6. बाह्य लेखापरीक्षक दावा सूची संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
7. कंप्यूटर के माध्यम से दावा सूची का संसाधन किया जाता है और भुगतान सूची तैयार की जाती है।
8. समेकित भुगतान परिसमापक को जारी किया जाता है और अपूर्ण / संदिग्ध दावों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है।
9. परिसमापक जमाकर्ताओं को भुगतान राशि जारी करता है।

प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

जमा बीमा एजेंसियों की निवेश नीति – चुनिन्दा देशों की कार्यपद्धति

1. जमा बीमा एजेंसियों की निवेश नीतियां काफी हद तक सुरक्षा और तरलता से प्रेरित होती हैं। सभी क्षेत्र आमतौर पर कानून व्यवस्था में व्यापक मापदंड निर्धारित करते हैं जिनके भीतर एक जमा बीमाकर्ता की संपत्ति का निवेश किया जा सकता है। इसी कानूनी ढांचे के भीतर ही जमा बीमाकर्ता का नियामक मण्डल निवेश की कार्यनीति निर्धारित करता है। निवेश की कार्यनीति अनिवार्य रूप से जोखिम चयन और जोखिम प्रबंधन पर केंद्रित है। पूंजी संरक्षण और तरलता पर जोर दिया जाना जमा बीमा निधियों की निवेश नीतियों की विशेषता है। सामान्यतया निधियां कम जोखिम वाली व अत्यधिक तरल संपत्तियों में नियोजित की जाती हैं। अधिकांश एफएसबी सदस्य क्षेत्रों में निवेश सरकारी या केंद्रीय बैंक उपकरणों तक सीमित हैं (मिरयामी काहंदर - सारिकोस्की, 2017)। आईएडीआई मूलभूत सिद्धांतों के अनुसार, जमा बीमाकर्ता पर निधियों के बेहतर निवेश और प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। जमा बीमाकर्ता के पास अपनी निधियों के लिए एक परिभाषित निवेश नीति है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है जैसे, निधि पूंजी का संरक्षण और तरलता का रखरखाव; और यह कि पर्याप्त जोखिम प्रबंधन नीतियां और प्रक्रियाएं, आंतरिक नियंत्रण और प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग प्रणाली व्यवस्थित हैं। सभी क्षेत्रों में जमा बीमा निधि (डीआईएफ) रखने के प्राथमिक उद्देश्य हैं: (1) जमा का बीमा करना और बीमित बैंकों के जमाकर्ताओं की रक्षा करना और (2) विफल बैंकों का समाधान करना। सामान्यतया, डीआईएफ बीमाकृत बैंकों से प्रीमियम आय और निवेश पर अर्जित ब्याज के माध्यम से संचित होता है। भारत सहित उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले चुनिंदा क्षेत्र जिनका ध्यान प्रमुख रूप से निधि के नियोजन के लिए प्रयुक्त उपकरण के प्रकार पर केन्द्रित है वहाँ जमा बीमा निधि के आकार, निधि की निवेश पद्धति, निवेश नीति के उद्देश्य, निधि के नियोजन में प्रयुक्त उपकरण और अपनाई गई मूल्यांकन पद्धति को इस अध्याय में शामिल किया जा रहा है। भारत में जमा बीमा निधि के निवेश के आकलन के लिए यह तुलनात्मक विश्लेषण उपयोगी हो सकता है।

ब्राज़ील

2. ब्राजील में क्रेडिट गारंटी फंड (एफजीसी) और सहकारी गारंटी फंड (एफजीकोऑप) द्वारा जमा बीमा प्रदान किया जाता है। राष्ट्रीय मुद्रा परिषद (सीएमएन) और सेंट्रल बैंक ऑफ ब्राजील (बीसीबी) द्वारा विनियमित, ये निजी गैर-लाभकारी संस्थाएं हैं जो निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के जमाकर्ताओं के लिए सुरक्षा तंत्र का प्रबंधन करने के लिए स्थापित की जाती हैं (एफजीसी के मामले में कई वाणिज्यिक, विकास और निवेश बैंक, बचत बैंक, वित्त कंपनियां, बंधक कंपनियां, बचत और ऋण संघ; और एफजीकोऑप के मामले में क्रेडिट यूनियन और सहकारी बैंक) (आईएमएफ, 2018)।

3. एफजीकोऑप : दिसंबर 2017 के अंत तक जमा बीमा निधि का आकार 0.24 बिलियन अमरीकी डॉलर था। एफजीकोऑप की निधि को दोनों सहकारी बैंक, बैंकूब द्वारा प्रबंधित, बैंक सिकरेडी की निगरानी में, एक विशेष निधि के माध्यम से सार्वजनिक बॉन्ड (राष्ट्रीय खजाने) में राष्ट्रीय मौद्रिक परिषद द्वारा अनुमोदित आंतरिक नियमों के अनुसार निवेश किया जाता है। एफजीकोऑप की तरलता की मात्रा निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित मदों को ध्यान में रखा जाता है जैसे नकदी में उपलब्ध शेष राशि, शुद्ध वित्तीय निवेश और संघीय सरकारी प्रतिभूतियां।

4. एफजीसी : दिसंबर 2017 के अंत तक निधि का आकार 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। निधियों को दो रूपों अर्थात नकद और समकक्ष तथा सरकारी बांड में निवेश किया जाता है। नकद और नकद समकक्षों में नकदी और बैंक जमा और दैनिक तरलता और अत्यधिक तरल अल्पकालिक निवेश के साथ सरकारी बांड के अल्पकालिक पुनर्खरीद समझौते जिसकी अधिग्रहण की तारीख से 90 दिनों से अधिक की परिपक्वता अवधि नहीं होती है, शामिल हैं, जो आसानी से

नकदी की ज्ञात मात्रा में परिवर्तनीय हैं। मूल्यांकन के संबंध में, जब फंड में परिपक्वता तक उन्हें पोर्टफोलियो में रखने की मंशा और वित्तीय क्षमता होती है, अधिगृहीत वित्तीय परिसंपत्तियों (परिपक्वता तक धारित) का मूल्यांकन अधिग्रहण लागत पर किया जाता है और इन उपकरणों पर अर्जित किसी भी आय को उस अवधि के लिए स्वीकृत किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियां जिन्हें किसी अन्य श्रेणी में वर्गीकृत नहीं किया गया है उन्हें बिक्री-केलिए-उपलब्ध श्रेणी में शामिल किया गया है और उन्हें उचित मूल्य पर दर्ज किया गया है।

केनेडा

5. 31 मार्च 2018 तक जमा बीमा निधि का आकार 3.7 बिलियन अमरिकी डॉलर था। सीडीआईसी की निवेश कार्ययोजना दो प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है: पूंजी को संरक्षित करने के लिए क्रेडिट और बाजार जोखिम को सीमित करें; और हस्तक्षेप गतिविधियों के लिए निधीयन स्रोत के रूप में निवेश पोर्टफोलियो का उपयोग करें। सीडीआईसी, कनाडा की सरकार या कनाडा प्रांत द्वारा जारी या तय की गई निश्चित आय प्रतिभूतियों में कनाडियन डॉलर में निवेश करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियों द्वारा प्रतिबंधित है। निवेश पाँच साल की अवधि की न्यूनतम A- की क्रेडिट रेटिंग वाली प्रतिभूतियों तक भी प्रतिबंधित हैं। पांच वर्ष से अधिक की अवधि वाली प्रतिभूतियों की अनुमति नहीं है। 31 मार्च, 2018 तक AAA रेटिंग वाली प्रतिभूतियों का जोखिम 93 प्रतिशत था, जबकि प्रत्येक AA- और A+ रेटिंग वाली प्रतिभूतियों का जोखिम 3 प्रतिशत था और AA रेटिंग वाली प्रतिभूतियों के लिए एक प्रतिशत था। सीडीआईसी की ट्रेजरी गतिविधि वित्त मंत्री द्वारा शीर्ष निगमों के लिए जारी वित्तीय जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन करती है। सीडीआईसी की वित्तीय जोखिम नीतियां प्रत्येक योग्य उपकरण में निवेश की जा सकने वाली अधिकतम राशि और अवधि के निर्धारण द्वारा जोखिम को सीमित करती हैं। निवेश प्रतिभूतियों को परिशोधित/ बढ़ी हुई लागत, और अर्जित ब्याज पर वित्तीय स्थिति की समेकित विवरणी में मापा जाता है। 31 मार्च, 2018 तक सीडीआईसी पोर्टफोलियो की अवधि 2.5 वर्ष थी, जबकि भारित औसत परिपक्वता प्रतिफल 1.28 प्रतिशत था।

यूरोपीय संघ

6. यूरोपीय संघ ने जमा बीमा योजनाओं पर निदेश के माध्यम से अपने 28 सदस्य राज्यों में जमा बीमाकर्ताओं के लिए अनुमत निवेश साधनों के सामंजस्य के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। यूरोपीय संघ जमा बीमा निदेश 2014 परिसंपत्तियों को "कम जोखिम और पर्याप्त विविधतापूर्ण तरीके से" निवेश करने के लिए कहता है। सात दिनों के भुगतान की समय सीमा के भीतर परिसमापन संभव करने के लिए निवेश उपकरण का तरल प्रकृति का होना अपेक्षित है। आम तौर पर, निवेश ग्रेड BBB- के अनुरूप साख की आवश्यकता होती है, जबकि कॉर्पोरेट बॉन्ड के लिए यह A- है। परिसंपत्ति वर्गों के संदर्भ में, यह अनुमत निवेश साधनों को निम्नलिखित मदों तक सीमित करता है जैसे नकदी और जमा, सरकारी बॉन्ड और ट्रेजरी बिल, स्थानीय और क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा जारी किए गए उपकरण, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विकास बैंकों द्वारा जारी किए गए उपकरण, अत्यधिक रेटेड कॉर्पोरेट बॉन्ड, अत्यधिक रेटेड मुद्रा-बाजार के उपकरण, कवर किए गए बांड और कोई भी अन्य परिसंपत्तियां जो कि अधिकारियों द्वारा 'समान रूप से सुरक्षित और तरल' मानी जाती हैं (मिरयामी कहन्दर - सारिकोस्की, 2017)। यूरोपीय संघ में अधिकतर जमा गारंटी योजनाएं (डीजीएस) सुरक्षित साधनों जैसे कि कोषागार में निवेश करती हैं। यह प्रतिभूतियां समस्त प्रतिभूतियों का 79% है। यूरोपीय संघ में अल्पकालिक और मध्यम अवधि में निवेश की महत्ता यह दर्शाती है कि अधिकांश डीजीएस तरलता के विषय में अधिक चिंतित हैं। (ज़िलिंस्कास एंड गैज़ौस्कास, 2015).

7. आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण, 2018 पर आधारित उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इटली में जमा बीमा निधि का आकार 31 दिसंबर, 2017 तक बैंकों और वित्तीय सहकारी समितियों के लिए क्रमशः 1.14 बिलियन अमरिकी डॉलर और 0.19 बिलियन अमरिकी डॉलर था। फ्रांस में, जमा बीमा निधि का आकार दिसंबर 2017 तक 4.3 बिलियन अमरिकी डॉलर था। जर्मनी में कई जमा बीमा एजेंसियां हैं, जर्मन सहकारी बैंकों की वैधानिक जमा गारंटी योजना का आकार 31 दिसंबर, 2017 तक 2.1 बिलियन अमरिकी डॉलर था। इन देशों में निवेश के प्रकार मुख्य रूप से यूरोपीय संघ के डीजीएस निर्देश 2014 के अनुसार हैं।

भारत

8. 31 मार्च, 2019 को डीआईएफ का आकार 13.6 बिलियन अमरिकी डॉलर था, अमेरिका, जापान और ब्राजील के बाद मूल्य के अनुसार चौथा सबसे बड़ा। निगम की एक निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति (आईआरएमसी) है जो बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन ढांचे और निवेश प्रबंधन दिशानिर्देश द्वारा निर्देशित है। निवेश की कार्यनीति सुरक्षा, तरलता और रिटर्न के अनुकूलन द्वारा निर्देशित होती है। डीआईसीजीसी अधिनियम के अनुसार, अधिशेष निधियों को केवल केंद्र सरकार की अलग-अलग परिपक्वताओं वाली प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा। निगम बाजार से उधार नहीं लेता है और तरलता की कोई भी आवश्यकता केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की बिक्री से पूरी होती हैं। प्रतिभूतियों का मूल्यांकन प्रतिभूतियों के दैनिक बाज़ार मूल्य के आधार पर किया जाता है। हालांकि, मूल्यह्रास पूरी तरह से प्रदान किया जाता है, जबकि मूल्यवृद्धि को नज़रअंदाज़ किया जाता है। 31 मार्च, 2019 तक पोर्टफोलियो की अवधि 8.1 वर्ष थी, जबकि परिपक्वता आय की दर 7.5 प्रतिशत थी।

इन्डोनेशिया

9. 30 दिसंबर, 2018 तक इंडोनेशिया डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन के निवेश का कुल मूल्य 7.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। आईडीआईसी की अधिकांश संपत्ति (88. 5 प्रतिशत) सरकारी प्रतिभूतियां हैं। आईडीआईसी कानून के अनुसार सरकार और बैंक इंडोनेशिया द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। निवेश का मुख्य उद्देश्य केवल पूंजीगत लाभ नहीं बल्कि एक निर्धारित तरलता स्तर को बनाए रखना है। सभी सरकारी प्रतिभूतियां परिपक्वता तक धारित प्रतिभूतियां थी और उन्हें प्रीमियम/ छूट के परिशोधन के बाद लागत पर प्रस्तुत किया गया था। प्रतिभूतियों पर प्रीमियम/ छूट के परिशोधन की गणना प्रभावी-ब्याज पद्धति का उपयोग करके की गई थी। पोर्टफोलियो की परिपक्वता आय 7.34 प्रतिशत थी। निधि का 4 से 5 वर्ष के बीच की औसतन भारित अवधि के साथ निष्क्रिय प्रबंधन किया जाता है जो कि लगभग 8 वर्षों की बकाया सरकारी अवधि से कम होती है।

जापान

10. डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ़ जापान (DICJ) को 1971 में वित्तीय सुरक्षा आवरण प्रदाता के रूप में स्थापित किया गया था ताकि वित्तीय संस्थानों के असफल होने पर योग्य जमाराशियों की सुरक्षा की जा सके। जापान ने 1990 के दशक में आर्थिक उफान के पतन और जापान के वित्तीय संकट का अनुभव किया। 180 से अधिक वित्तीय संस्थानों की विफलता के समाधान के माध्यम से डीआईसीजे ने जापान की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने में भूमिका निभाई है। मार्च 2018 के अंत तक जमा बीमा निधि (डीआईसीजे के मामले में "देयता भंडार") 34.0 बिलियन अमरिकी डॉलर था। डिपॉजिट इंश्योरेंस एक्ट 1971 के अनुसार, डीआईसीजे (i) प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा नामित राष्ट्रीय सरकारी बॉन्ड या अन्य प्रतिभूतियों में; (ii) प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा नामित वित्तीय संस्थानों में रखी जमा में; या (iii) कैबिनेट कार्यालय अध्यादेश और वित्त मंत्रालय के अध्यादेश द्वारा निर्दिष्ट अन्य व्यवस्थाओं में निवेश कर सकता है। जापान के जमा बीमा अधिनियम के अनुसार बीओजे के चालू खाते में जमा निवेश योग्य उपकरणों में से एक है। मार्च 2018 के अंत तक डीआईएफ की पूरी राशि बैंक ऑफ जापान (बीओजे) के चालू खाते में जमा कर दी गई थी। प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए लागत विधि (बही मूल्य) का उपयोग किया जाता है।

केन्या

11. 30 जून, 2019 को डीआईएफ का आकार 1.05 बिलियन अमरीकी डॉलर था। कानून के अनुसार, केडीआईसी केवल सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकता है। 30 जून, 2019 तक केडीआईसी की संरचना और उपकरणों में ट्रेजरी बिल (46 प्रतिशत) और ट्रेजरी बॉन्ड (54 प्रतिशत) शामिल हैं। केन्या डिपॉजिट इंश्योरेंस एक्ट के अनुसार निगम द्वारा निधि का निवेश केवल (ए) ट्रेजरी बिल, ट्रेजरी बांड या सरकार द्वारा जारी की गई अन्य प्रतिभूतियों या (ख) मंत्री द्वारा समय-समय पर राजपत्र में निर्धारित की गई कोई अन्य प्रतिभूतियों में किया जा सकता है। एक वित्तीय परिसंपत्ति या देयता को शुरू में उचित मूल्य धन (किसी ऐसी मद के लिए जिसे बाद में लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर नहीं मापा जाता) लेनदेन लागत पर मापा जाता है जो सीधे इसके अधिग्रहण या निकास के लिए स्त्रोतजन्य हैं।

मलेशिया

12. दिसंबर 2018 की समाप्ति पर डीआईएफ का आकार 0.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था। (पेरबादानन इन्श्योरेन्स डिपॉज़िट मलेशिया) पीआईडीएम की निवेश प्रतिभूतियों में विपणन योग्य मलेशियाई सरकारी प्रतिभूति और निवेश प्रकाशन, बैंक नेगारा मलेशिया मौद्रिक नोट और निजी ऋण प्रतिभूतियां शामिल हैं। पीआईडीएम अल्पकालिक और मध्यम अवधि के रिंगित मलेशिया डिनोमिनेटड सेक्यूरिटीस में निवेश करता है जो संविदात्मक नकदी प्रवाह को इकट्ठा करने के लिए परिपक्वता तक धारित की जाती हैं और जिनका कारोबार नहीं होता है। 2018 में निधि का 93 प्रतिशत से अधिक भाग मलेशिया सरकारी प्रतिभूतियों और इन्वेस्टमेंट इश्यूस में और शेष 7 प्रतिशत निजी ऋण प्रतिभूतियों में निवेश किया गया था। निवेश प्रतिभूतियों के संविदात्मक नकदी प्रवाह मूल रूप से मूलधन और ब्याज का भुगतान या बकाया मूल राशि पर लाभ दर्शाते हैं। इन निवेश प्रतिभूतियों को परिशोधित/ बढ़ी हुई लागत पर मापा जाता है। निश्चित या निर्धार्य भुगतान और निश्चित परिपक्वता वाली ये प्रतिभूतियां, खरीद की तारीख से परिपक्वता तिथि तक, किसी भी ज्ञात क्षति को घटाने हुए, प्रभावी प्रतिफल के आधार पर आंकी गई प्रीमियम के परिशोधन या छूट की अभिवृद्धि के लिए समायोजित लागत पर दर्शाई गई हैं। डीआईएफ पर भारित औसत आय की दर 3.24 प्रतिशत थी।

फिलीपींस

13. 31 दिसंबर, 2017 को डीआईएफ का आकार 2.9 बिलियन अमरीकी डॉलर था। फिलीपींस डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन अपनी जमा बीमा निधि (डीआईएफ) का विवेकपूर्ण निवेश प्रबंधन कार्ययोजना के माध्यम से प्रबंधन करता है। अधिनियम के अनुसार, निगम का निधि का निवेश सरकारी प्रतिभूतियों में किया जाएगा। 31 दिसंबर, 2017 को पोर्टफोलियो की निवेश आय 4.1 प्रतिशत थी। निवेशों का मूल्यांकन परिशोधन/ बढ़ी हुई लागत और प्रभावी ब्याज पद्धति पर किया जाता है।

रूस/ रशिया

14. 31 दिसंबर, 2018 तक अनिवार्य जमा बीमा निधि का निवेश पोर्टफोलियो 0.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। जमा बीमा एजेंसी ने पुनर्भुगतान, लाभप्रदता और तरलता के सिद्धांतों के आधार पर अस्थायी निष्क्रिय शेष राशि का निवेश किया है। इसमें से 3 प्रतिशत रूसी संघ के संघीय ऋण बांड में, 3 प्रतिशत रूसी संघ के घटक निकायों के बांड में, 7 प्रतिशत कॉरपोरेट बांड में और 87 प्रतिशत बैंक ऑफ रशिया के पास रखे जमा में निवेश किया गया था।

दक्षिण कोरिया

15. केडीआईसी की निधियों में बैंकों, निवेश व्यापारियों और ब्रोकर, जीवन बीमा कंपनियों, गैर-जीवन बीमा कंपनियों, व्यापारी बैंकों, म्यूचुअल बचत बैंकों और ऋण संस्थानों (केवल जमा बीमा निधि बॉन्ड मोचन निधि के मामले में) के लिए अलग-अलग खाते हैं। इन खातों का अलग से प्रबंधन किया जाता है। हालांकि एक ही निधि के भीतर खाते में लेन-देन की अनुमति है, लेकिन जमा बीमा निधि और जमा बीमा निधि बॉन्ड मोचन निधि के बीच लेन-देन निषिद्ध है। 2002 में सरकार द्वारा घोषित सार्वजनिक निधि मोचन योजना के तहत, यह निर्णय लिया गया था कि वित्तीय पुनर्गठन से संबंधित संपत्ति और देनदारियों को 1 जनवरी, 2003 को डीआईएफ बॉन्ड मोचन निधि नामक एक नई निधि स्थापित करने के लिए जमा बीमा निधि (डीआईएफ) से अलग किया जाएगा। डीआईएफ बॉन्ड मोचन निधि का उपयोग वित्तीय पुनर्गठन प्रक्रिया को पूरा करने और संबंधित सार्वजनिक निधियों को पुनर्प्राप्त करने के लिए किया जाता है। नया डीआईएफ, जो कि केडीआईसी-बीमित वित्तीय संस्थानों द्वारा भुगतान किए गए बीमा प्रीमियम द्वारा वित्त पोषित है, का उपयोग 2003 में और उसके बाद हुई वित्तीय संस्था विफलताओं के समाधान के लिए किया गया है।

16. दिसंबर 2018 की समाप्ति पर डीआईएफ का आकार 0.5 बिलियन अमरीकी डॉलर था। निधि प्रबंधन के उद्देश्य हैं: स्थिरता, लाभप्रदता और तरलता सुनिश्चित करना; और जनहित को ध्यान में रखना। निवेश योग्य संपत्तियां कानून द्वारा सख्ती से प्रतिबंधित हैं और जमा संरक्षण अधिनियम के अनुसार, अधिशेष निधियों का केवल सरकारी बांड और सार्वजनिक बांड, या जमा बीमा समिति द्वारा निर्दिष्ट अन्य प्रतिभूतियों; समिति द्वारा नामित बीमित वित्तीय संस्थानों

में जमा; और वित्तीय सेवा आयोग द्वारा निर्धारित अन्य विधियों में निवेश किया जा सकता है। मूल्यांकन के संबंध में, प्रतिभूतियों के अधिग्रहण में लगने वाली खरीदी की कीमत और प्रासंगिक लागत को जोड़कर प्रतिभूतियों की अधिग्रहण लागत का अनुमान लगाया जाता है। केडीआईसी प्रतिभूतियों को उनकी प्रकृति और स्वामित्व के उद्देश्य के अनुसार, बिक्री-केलिए-उपलब्ध (एएफएस) वित्तीय परिसंपत्तियों, परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) वित्तीय संपत्तियों, और सहभागियों में निवेश के रूप में वर्गीकृत करता है। 2017 में केवल डीआईएफ के पास प्रतिभूतियां थीं और उन सभी को एएफएस वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

संयुक्त राज्य अमरिका

17. 31 दिसंबर, 2018 तक जमा बीमा निधि के तहत बकाया राशि 103.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी। यूएस ट्रेजरी नोट्स और बॉन्ड में 93.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश डीआईएफ के मूल्य का 90.0 प्रतिशत है। परिपक्वता के संदर्भ में, डीआईएफ का 28 प्रतिशत एक वर्ष के भीतर निवेश किया गया था, जबकि डीआईएफ का 62 प्रतिशत 1-5 वर्षों की परिपक्वता वाली ट्रेजरी प्रतिभूतियों में निवेश किया गया था। एफडीआई अधिनियम के अनुसार यह आवश्यक है कि डीआईएफ फंड को संयुक्त राज्य अमेरिका के अनुबंधों में निवेश किया जाए या संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मूलधन और ब्याज के रूप में आश्वस्त अनुबंधों में किया जाए। ट्रेजरी के सचिव को ऐसे सभी निवेशों को 100,000 डॉलर से अधिक की मंजूरी देनी होगी और एफडीआईसी को डीआईएफ निधि का निवेश केवल यू.एस. ट्रेजरी अनुबंध में करने की मंजूरी दी गई है जो कि विशेष रूप से राजकोषीय सेवा के सरकारी खाता श्रृंखला कार्यक्रम के ट्रेजरी ब्यूरो के माध्यम से खरीदे या बेचे जाते हैं। यूएस ट्रेजरी प्रतिभूतियों में डीआईएफ के निवेश को बिक्री-केलिए-उपलब्ध (एएफएस) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। एएफएस के रूप में वर्गीकृत प्रतिभूतियां उचित मूल्य पर दिखाई जाती हैं। अप्राप्त लाभ और हानि को अन्य व्यापक आय के रूप में दर्शाया जाता है। किसी भी वास्तविक लाभ और हानि को शुद्ध/ निवल आय के घटकों के रूप में आय और निधि शेष के विवरण में शामिल किया जाता है। प्रतिभूतियों पर आय की गणना सुरक्षा की परिपक्वता के आधार पर प्रभावी ब्याज या सीधी-रेखा पद्धति का उपयोग करके प्रतिदिन की जाती है। एक साल में ट्रेजरी प्रतिभूतियों पर आय 1.90 प्रतिशत थी, जबकि 1-5 साल की परिपक्वता सीमा वाली प्रतिभूतियों के संबंध में यह 2.08 प्रतिशत थी।

उपसंहार/ निष्कर्ष

18. निवेश नीतियों के संबंध में चुनिंदा देशों की कार्यपद्धति यह बताती है कि सुरक्षा और तरलता प्रमुख हैं। धन के नियोजन के संबंध में, अधिकांश क्षेत्र पोर्टफोलियो का प्रमुख हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। 103.8 बिलियन अमरीकी डॉलर की सबसे बड़ी मात्रा में जमा बीमा निधि रखने वाला फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ट्रेजरी प्रतिभूतियों में लगभग 90 प्रतिशत निधि का निवेश करता है। 34 बिलियन अमरीकी डॉलर की फंड की स्थिति के साथ दूसरे स्थान पर स्थित जापान, विश्लेषित क्षेत्रों के बीच एक उल्लेखनीय अपवाद है, जहां कानून द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश की अनुमति के बावजूद संपूर्ण जमा बीमा निधि को सेंट्रल बैंक के पास जमा किया गया था। हालांकि, जमा बीमा योजनाओं पर यूरोपीय संघ 2014 निदेश कई प्रकार के उपकरणों की अनुमति देते हैं, पर साथ ही यह बताता है कि "प्रमुख विविधता सहित कम जोखिम वाली प्रतिभूतियों" में निवेश किया जाना चाहिए। दक्षिण कोरिया में कई संस्थान हैं जैसे, बैंक, निवेश व्यापारी और ब्रोकर, जीवन बीमा कंपनियां, गैर-जीवन बीमा कंपनियां, मर्चेंट बैंक, म्यूचुअल बचत बैंक और साख संस्थान । निधियों का निवेश कानून द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों और सार्वजनिक बांड, वित्तीय संस्थानों के पास रखी जमा और पर्यवेक्षी प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अन्य तरीकों तक सीमित है। विश्लेषण से सामने आया एक और शैलीगत तथ्य यह बताता है कि प्रतिभूतियों का मूल्यांकन दैनिक बाज़ार मूल्य के आधार पर और परिशोधित लागत पर किया जाता है। भारत में, उपकरणों के संदर्भ में मुख्य रूप से सरकारी प्रतिभूतियों में डीआईएफ की निवेश पद्धति व्यापक रूप से अधिकांश क्षेत्रों में अपनाई गई कार्यपद्धतियों के अनुरूप है।

संदर्भ

जमा बीमा एजेंसियों की वार्षिक रिपोर्ट और वेबसाइट।

यूरोपीय संसद और परिषद के 16 अप्रैल 2014 के जमा बीमा योजनाओं पर निदेश 2014/49/ईयू।

आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण, 2018।

आईएमएफ (2018), ब्राजील का वित्तीय प्रणाली स्थिरता आकलन, मई।

मिरयामी कहन्दर- सारीकोस्की (2017), बुरे समय के लिए निवेश : जमा बीमा निधि के लिए एक संतुलित निवेश कार्यनीति कैसे तैयार करें तथा "जमा बीमा प्रणालियाँ: निधीयन, निवेश, जोखिम आधारित योगदान और तनाव परीक्षण में उभरती चुनौतियों को संबोधित करना", जेन पी. नालते और इस्फंड्यार ज़ेड ख़ान, विश्व बैंक।

राईमुंडास जिलिन्सकास और लायोनियस गैजाउसकास (2015), सीमित घरेलू प्रतिभूति बाजारों की शर्तों के तहत जमा गारंटी निधियों की निवेश नीति, एकोनॉमैका, खंड 94(1)।

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I : परिचालन और कार्य पद्धति

1.1 बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण / विपंजीकरण

31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या 2,098 है, जिसमें 157 वाणिज्यिक बैंक (7 भुगतान बैंकों और 10 छोटे वित्त बैंकों सहित), 51 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), 3 स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) और 1,941 सहकारी बैंक शामिल हैं। 1962 में निक्षेप बीमा योजना की शुरुआत से लेकर अब तक पंजीकृत बैंकों की वर्षवार संख्या **संलग्नक I** में दी गई है। 31 मार्च 2019 के अनुसार सहकारी बैंकों के श्रेणी-वार और राज्यवार विवरण, **अनुलग्नक II** में दिए गए हैं। वर्ष 2018-19 के दौरान 4 वाणिज्यिक बैंकों और 4 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया और 8 सहकारी बैंकों, 2 वाणिज्यिक बैंकों और 9 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को विपंजीकृत किया गया, जिसके विवरण **संलग्नक III** में दिए गए हैं।

1.2 निक्षेप बीमा योजना का विस्तार

इस समय निगम द्वारा उपलब्ध निक्षेप बीमा के अंतर्गत सभी स्थानीय क्षेत्र के बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों (भुगतान बैंकों और छोटे वित्त बैंकों सहित) और सभी राज्यों और संघशासित क्षेत्रों (यूटी) में स्थित सहकारी बैंकों को शामिल किया गया है।

1.3 बीमाकृत जमाराशियाँ

निगम द्वारा बीमाकृत खातों की संख्या और जमाराशि की रकम तथा जमाकर्ताओं को दी जाने वाली सुरक्षा की सीमा संबंधी ब्यौरा सारणी 1 में दिया गया है।

सारणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ

विवरण		**31 मार्च 2019[1] को**	**31 मार्च 2018[1] को**
1	खातों की कुल सं. (मिलियन में)	2,174.0	1,940.9
2	पूर्णतया संरक्षित खाते[2] (मिलियन में)	2,000.0	1,775.0
3	1 की तुलना में 2 का प्रतिशत	92.0	91.4
4	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ बिलियन में)	1,20,051	1,12,020
5	बीमाकृत जमाराशियाँ[3] (₹ बिलियन में)	33,700	32,753
6	4 की तुलना में 5 का प्रतिशत	28.1	29.2

1 सितंबर 2018 और सितंबर 2017 के जमा आधार अर्थात संदर्भ तारीख से छह महीने पूर्व के आधार पर

2 जमाबीमा द्वारा कवर किए गए खातों को संदर्भित करता है

3 ₹ 1 लाख तक के जमाबीमा के लिए पात्र जमाराशि

निक्षेप बीमा के प्रारंभ से जमाकर्ताओं को प्रदान की गई सुरक्षा की सीमा **संलग्नक IV** और चार्ट 1 में प्रस्तुत की गई है। पिछले तीन वर्षों के लिए बैंक श्रेणी-वार अलग-अलग आँकड़े **संलग्नक V** में प्रस्तुत किए गए हैं। 31 मार्च 2019 को ₹100,000 का वर्तमान बीमा कवर का स्तर प्रति व्यक्ति आय का 0.8 गुना था।

चार्ट 1: मार्च के अंत के अनुसार जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा का विस्तार



1.4 निक्षेप बीमा प्रीमियम

मार्च 2019 को समाप्त वर्ष तथा मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के दौरान बीमाकृत बैंकों से प्राप्त प्रीमियम का बैंक श्रेणीवार विवरण सारणी 2 में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष के दौरान बैंकों से प्राप्त प्रीमियम में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ बिलियन में)

वर्ष	वाणिज्यिक बैंक *	सहकारी बैंक	कुल
2018-19	111.9	8.5	120.4
2017-18	103.5	7.8	111.3

* : भुगतान बैंक, छोटे वित्त बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और स्थानीय क्षेत्र के बैंक

1.4.1 चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर

डीआईसीजीसी अधिनियम1961 , की धारा 15 (3) के अनुसार ,यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा। वर्ष 2018-19 के दौरान, ब्याज की दंडात्मक दर को समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक दर में संशोधन के साथ तीन बार संशोधित किया गया था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति संबंधी ब्यौरा सारणी 3 में प्रस्तुत किया गया है।

सारिणी 3 : बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर की गति

(प्रतिशत में)

से	तक	बैंक दर	दंड स्वरूप ब्याज दर	चूककर्ता बैंको द्वारा देय ब्याज दर
01.04.2018	05.06.2018	6.25	8.00	14.25
06.06.2018	31.07.2018	6.50	8.00	14.50
01.08.2018	06.02.2019	6.75	8.00	14.75
07.02.2019	31.03.2019	6.50	8.00	14.50

1.5 निक्षेप बीमा निधि

